चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 21.8.26 | 2 | 3-6 |

The Tribune
ESTABLISHED IN 1881

# 40 startups showcase innovations at agri varsity's entrepreneurship exhibition


DEEPENDER DESWAL
TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, AUGUST 20

Vice-Chancellor of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU), BR Kamboj, inaugurated a startup-based exhibition at the university on Thursday.

During the event, he said that agriculture offers immense opportunities for young entrepreneurs, particularly in areas such as value addition, agri-processing, drones, artificial intelligence and smart farming.

The exhibition was organised by the university's Agri Business Incubation Centre (ABIC) at the College of Basic Sciences and Humanities to mark World Entrepreneurship Day. Around 40 startups showcased their products and innovations at the exhibition.



Officials during the exhibition at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University on Thursday.

Kamboj said India was rapidly emerging as a major hub for startups and innovation, and HAU had an important role to play in this transformation. He said entrepreneurship was not merely about starting businesses but also about creating employment, encouraging innovation and contributing to a stronger and self-reliant economy. "It is important to encourage young people not merely to look for jobs but to become job creators," he said.

The VC said agriculture offered opportunities across from production and processing to value addition, storage and marketing — besides newer fields such as drones, artificial intelligence, sensor-based farming and organic and environment-friendly technologies.

The VC said the university's responsibility extended beyond imparting academic knowledge and included preparing students for innovation, skill development and entrepreneurship. He urged students to understand the problems actually faced by farmers and develop commercially viable solutions around them.

Garg said aspiring entrepreneurs could approach ABIC for guidance and support to turn new ideas into startups or scale up existing ventures. Applications for the startup programme are currently open, with the deadline set for September 10, he said. Details regarding eligibility and the application process are available on the university website, he added.

ABIC Director Rajesh Gera said HAU's incubation centre was among the better-performing centres in North India. He said a good idea alone was not enough to "Technology, market demand, a viable business model, financial management and effective marketing are equally important," he said, adding that ABIC provided innovators and startups with expert guidance on these aspects.

Entrepreneurs, including Ankit Ahlawat from Dujana village in Jhajjar district, who claims to be the only manufacturer of chicken protein as a replacement for whey protein in the country, Deepika Ahlawat, Pradeep Duhan and Jitendra Kumar, also shared their statup experiences

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21.8.26 | 11 | 6 |

# कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाएं : प्रो. बी आर कंबोज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में स्टार्टअप आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने किया। प्रदर्शनी में कृषि उत्पादों, ड्रोन तकनीक, कृषि मशीनरी, स्मार्ट कृषि, पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों तथा अन्य नवाचारों से संबंधित स्टार्टअप्स ने अपने उत्पादों एवं तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

■ प्रदर्शनी में 40 स्टार्टअप्स ने प्रदर्शित किए अपने

कुलपति ने कहा कि भारत आज स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं। कृषि उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, भंडारण, विपणन, ड्रोन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेंसर आधारित खेती, जैविक एवं पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों तक अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां युवा नए व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझें और उनके समाधान पर आधारित नवाचारों को व्यावसायिक रूप प्रदान करें।

# कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाएं: कुलपति प्रो. काम्बोज



*प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।*

## प्रदर्शनी में 40 स्टार्टअप्स ने प्रदर्शित किए अपने नवाचार

हिसार, 20 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में स्टार्टअप आधारित प्रदर्शनी लगाई गई।

प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने किया। प्रदर्शनी में कृषि उत्पादों, ड्रोन तकनीक, कृषि मशीनरी, स्मार्ट कृषि, पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों तथा अन्य नवाचारों से संबंधित स्टार्टअप्स ने अपने उत्पादों एवं तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि भारत आज स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विश्व उद्यमिता दिवस नए विचारों को व्यवसाय में बदलने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले दूरदर्शी उद्यमियों के योगदान को सम्मानित करने का अवसर है।

कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे उद्यमिता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। विश्वविद्यालय, उद्यमिता के लिए बेहतर आइडिया वाले विद्यार्थियों की हर संभव मदद करेगा।

इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में लगभग 40 स्टार्टअप्स ने आधुनिक तकनीकों पर आधारित अपने नवाचारों और उत्पादों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में तीन स्टार्टअप्स के संचालकों डॉ दीपिका अहलावत, प्रदीप दूहन व जितेन्द्र कुमार ने अपने स्टार्टअप्स के अनुभव सांझा किए। मंच का संचालन वर्षा कुमारी व अंजु रानी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अमर उजाला | 21.8.26 | ५ | 1-५ |

# मिट्टी से उठे नवाचार के बीज, युवा रचें उद्यमिता की नई सुनहरी फसल

## विश्व उद्यमिता दिवस पर एचएयू में स्टार्टअप प्रदर्शनी, 40 स्टार्टअप्स ने दिखाए नवाचार

माई सिटी रिपोर्टर



विश्व उद्यमिता दिवस पर वीरवार को आयोजित स्टार्टअप प्रदर्शनी में चेक भेंट करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। स्रोत : संस्थान

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस पर वीरवार को आयोजित स्टार्टअप प्रदर्शनी में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने युवाओं से कृषि क्षेत्र में उद्यमिता अपनाकर रोजगार सृजित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, भंडारण, विपणन, ड्रोन तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेंसर आधारित खेती तथा जैविक एवं पर्यावरण अनुकूल तकनीकों में उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं।

विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) की ओर से मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में करीब 40 स्टार्टअप्स ने अपने उत्पाद और नवाचार प्रदर्शित किए। कुलपति ने कहा कि स्टार्टअप देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। वे किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझकर उनके समाधान पर आधारित नवाचारों को व्यवसाय का रूप दें।



प्रदर्शनी में लगी स्टाल पर रखे उत्पाद देखतीं छात्राएं। संवाद

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ कौशल विकास और उद्यमिता के लिए भी तैयार कर रहा है। बेहतर विचार वाले विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कहा कि एबिक से अनुदान प्राप्त स्टार्टअप्स विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे हैं। इच्छुक युवा नए विचारों को स्टार्टअप का रूप देने और मौजूदा स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए एबिक से मार्गदर्शन ले सकते हैं।

### स्टार्टअप के अनुभव किए साझा

एबिक के निदेशक डॉ. राजेश गेरा ने कहा कि स्टार्टअप की सफलता के लिए अच्छे विचार के साथ तकनीकी पक्ष, बाजार की जरूरत, व्यवसाय मॉडल, वित्तीय प्रबंधन और प्रभावी विपणन भी जरूरी है। एबिक विशेषज्ञों के माध्यम से इन क्षेत्रों में मार्गदर्शन दे रहा है। प्रदर्शनी में कृषि उत्पादों, ड्रोन तकनीक, कृषि मशीनरी, स्मार्ट कृषि और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों से जुड़े स्टार्टअप्स ने भाग लिया। डॉ. दीपिका अहलावत, प्रदीप दुहन और जितेंद्र कुमार ने अपने स्टार्टअप के अनुभव साझा किए। मंच संचालन वर्षा कुमारी और अंजु रानी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे

एबिक ने स्टार्टअप कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 10 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 21.08.2026 | -- | -- |

# कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाएं, युवा नवाचार अपनाएं : कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज

## 40 स्टार्टअप्स ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए अपने नवाचार




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 21 अगस्त :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर की ओर से स्टार्टअप आधारित प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसका शुभारंभ कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने किया। प्रदर्शनी में करीब 40 स्टार्टअप्स ने कृषि उत्पादों, ड्रोन तकनीक, कृषि मशीनरी, स्मार्ट कृषि, पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों सहित विभिन्न नवाचारों का प्रदर्शन किया। कुलपति ने कहा कि कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को केवल रोजगार तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कृषि उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, विपणन, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्मार्ट खेती जैसे क्षेत्रों में नए व्यवसाय शुरू किए जा सकते हैं। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कहा कि एबिक युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने के लिए मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान कर रहा है। एबिक के निदेशक डॉ. राजेश गेरा ने बताया कि स्टार्टअप की सफलता के लिए अच्छे विचार के साथ तकनीक, बाजार, व्यवसाय मॉडल और प्रभावी विपणन भी जरूरी है। कार्यक्रम में तीन स्टार्टअप संचालकों ने अपने अनुभव साझा किए। इच्छुक युवा 10 सितंबर 2026 तक स्टार्टअप कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 20.08.2026 | -- | -- |


# कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाएं, बेरोजगार नवाचार को अपनाएंः प्रो. बलदेव राज काम्बोज

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में स्टार्टअप आधारित प्रदर्शनी लगाई गई।

प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने किया। प्रदर्शनी में कृषि उत्पादों, ड्रोन तकनीक, कृषि मशीनरी, स्मार्ट कृषि, पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों तथा अन्य नवाचारों से संबंधित स्टार्टअप्स ने अपने उत्पादों एवं तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि भारत आज स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विश्व उद्यमिता दिवस नए विचारों को व्यवसाय में बदलने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले दूरदर्शी उद्यमियों के योगदान को सम्मानित करने का अवसर है। आज के समय में युवाओं को केवल रोजगार तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं।

कृषि उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, भंडारण, विपणन, ड्रोन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेंसर आधारित खेती, जैविक एवं पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों तक अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां युवा नए व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का दायित्व केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें नवाचार, कौशल विकास और उद्यमिता के लिए भी तैयार करना है।